




## यूरिया की किल्लतः परासिया रोड पर लगा जाम, किसान होते रहे परेशान

### पूरे जिले में यूरिया को लेकर चल रहा तनाव, प्रशासन बोला नहीं है यूरिया की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले में यूरिया की मांग को लेकर पिछले एक माह से रस्साकसीं शुरू है। प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि यूरिया की कोई कमी नहीं है। निरंतर यूरिया की आवक शुरू है। परंतु किसानों को यूरिया या तो पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल रही है या फिर कहीं न कहीं यूरिया की जमाखोरी की जा रही है। अफवाहों का भी बाजार गर्म है। कुछ किसान रबी की फसल के लिए यूरिया जमा करने में लगे है। वहीं कृषि अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों का मानना है कि किसान आवश्यकता से अधिक यूरिया फसलों में डाल रहे है जिससे एक ओर यूरिया की खपत ज्यादा हो रही है। वहीं फसलों को भी नुकसान होने की संभावना है। अधिक रासायिनक खाद का प्रयोग मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जिले में सोमवार को चौरई और छिंदवाड़ा स्थित परासिया रोड पर गहमागहमी के बीच यूरिया वितरण पर विवाद, चक्काजाम जैसे हालत किसानों ने बनाए। यूरिया के अभाव में किसानों को रोड पर बैठना पड़ रहा है। वहीं कांग्रेस के नेता एवं नगर निगम के अध्यक्ष सोनू मागो द्वारा किसानों के समर्थन में परासिया रोड पर संघर्ष करते दिखे। जिससे सोमवार को दोपहर को पुनः जाम लग गया। जमकर नारेबाजी और रस्साकसी के बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थिति को काबू में करने के लिए अन्य थानों से पुलिस बुलाई गई थी। यूरिया की किल्लत सिर्फ किसानों का मुद्दा ही नहीं बल्कि राजनीतिक रस्साकसी का भी मुद्दा बन गया है। कांग्रेस मप्र की बीजेपी सरकार को इस मुद्दे पर घेरने में लगी है।

## सांसद के झूठ की किसानों ने बीच सड़क पर खोल दी पोलः वाल्मीक

"झूठ की बुनियाद पर कभी सच्चाई की ईंट ठहरा नहीं करती" चाहे कितनी भी कोशिशें कर लो छेदों से भरी नाव दरिया में नहीं तैरा करती। यह पंक्तियां सांसद के झूठ पर पूरी तरह सटीक बैठती है। उनका झूठ सच्चाई के सामने 24 घण्टे भी नहीं टिका और वह फूटकर सड़क पर आ गया। खाद की उपलब्धता पर एक दिन पूर्व ही उन्होंने भर-भर कर मिथ्या बोल बोले, आंकड़ों की बाजीगरी दिखाई और जमीनी हकीकत छिपा ली। सांसद के बयान पर पलटवार करते हुए उक्त उदगार जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे एवं परासिया विधायक श्री सोहन वाल्मीकी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में व्यक्त किए। श्री ओकटे व श्री वाल्मीकी ने संयुक्त रूप से दिए बयान में कहा कि विगत तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है, खाद की उपलब्धता पर सांसद सहित



अन्य भाजपा नेताओं ने केवल और केवल झूठ बोला। अपनी नाकामी को छिपाने व दबाने के लिए जिले के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों से भी झूठ बुलवाया। गत दिवस भाजपा कार्यालय में बैठकर सांसद ने कोरा झूठ बोला कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद है, उनके झूठ की किसानों ने बीच सड़क पर पोल खोल दी। परासिया रोड स्थित डीएमओ ऑफिस के ठीक सामने एक सप्ताह के भीतर किसानों ने दूसरी बार खाद के लिए चक्का जाम किया और जमकर नारेबाजी की तो भाजपा के इशारों पर नाचने वाले जिला कलेक्टर ने पुलिस को किसानों पर बल प्रयोग करने का आदेश दे दिया, किन्तु मिट्टी को चीरकर अन्न पैदा करने वाला अन्नदाता भाजपा की तानाशाही के सामने नहीं झुका और उसने पूरी ताकत के साथ भाजपाई सरकार के अन्यायपूर्ण बर्ताव का खुलकर सामना किया। किसानों के समर्थन में सड़क पर उतरी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण भी किसानों के साथ सड़क पर बैठ गए। उन्होंने अविलम्ब पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की।

### सांसद देख नहीं पा रहे किसानों की समस्या

श्री ओकटे व श्री वाल्मीकी ने जारी बयान के अंत में कहा कि प्रशासन के द्वारा लिखी हुई पटकथा को पढ़ने वाले सांसद अपने घर व कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर डीएमओ कार्यालय के सामने खाद के लिए लगातार संघर्ष कर रहे किसानों की समस्याओं को देख नहीं पा रहे तो फिर वे छिन्दवाड़ा व पांदुर्ना जिले की अंतिम छोर पर खाद के लिए जूझ रहे किसानों की समस्याओं को कैसे देख पाएंगे। जमीनी हकीकत से दूर सांसद केवल प्रशासन की बैसाखी के सहारे चल रहे हैं और अपने शीर्ष नेतृत्व की तरह ही झूठ बोल रहे, किन्तु उनके झूठ की किसानों ने बीच सड़क पर पोल खोल दी है।

### राष्ट्रपति को महुए के बिस्किट किए भेंट

## महापौर अहके ने राष्ट्रपति मुर्मू को पातालकोट आने का दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



दिल्ली राष्ट्रपति भवन के विशेष आमंत्रण पर पहुंचे छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने देश के जनजातीय प्रतिनिधिमण्डल के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की विक्रम अहके नें चर्चा के दौरान बताया कि वह लगभग 2 घंटे राष्ट्रपति भवन में रहे इस दौरान राष्ट्रपति महोदय ने बारी-बारी से सभी राज्यों के प्रतिनिधि मंडल से चर्चाएं की जिसमें विक्रम अहके ने भेंट के दौरान छिंदवाड़ा की बालिका कृति नेमा के द्वारा बनाई गई खूबसूरत आकृति एवं छिंदवाड़ा में बनाई जा रही महूए के बिस्कुट भेंट की।

इस दौरान लंबी चर्चा राष्ट्रपति से हुई जिसमें छिंदवाड़ा जिले में निवास करने वाली गोंड जनजाति एवं भारिया जनजाति के उत्थान को लेकर एवं पातालकोट के प्राकृतिक सौंदर्य एवं वहां पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की औषधियां की उपयोगिता पर चर्चा की एवं भारत सरकार द्वारा एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जनजाति समाज के उत्थान को लेकर चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जिसमें धरती आबा योजना प्रधानमंत्री जन मन योजना एकलव्य स्कूल योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा हुई एवं पत्र देकर छिंदवाड़ा पातालकोट आने का न्योता भी दिया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने वक्तव्य में कहा की आने वाले समय में भारत सरकार के द्वारा आदियोगी योजना शुरू की जा रही है जिसमें जनजाति क्षेत्र जनजाति समुदायों के उत्थान के लिए सभी क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की सहभागिता से अंतिम छोर में उपस्थित नागरिकों का शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतम रूप से किया जाएगा कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व राष्ट्रपति महोदय ने सभी प्रतिनिधिमंडल के साथ भोजन किया जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक व्यंजनो का समावेश था। इस परिचर्चा के दौरान जनजाति कार्य विभाग कैबिनेट मंत्री जॉल ओराम जी एवं राज्य मंत्री दुर्गादास उइके जी उपस्थित रहे इतनी बेहतरीन एवं गौरवशाली भेंट के लिए छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय का संपूर्ण छिंदवाड़ा की तरफ से जनजाति समाज की तरफ से आभार व्यक्त किया।

## नेताजी ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी : उईके

### विधायक की उपस्थिति में महिला कॉंग्रेस ने मनाई सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



सोमवार को विधायक एवं ब्लॉक कॉंग्रेस कार्यालय जुन्नारदेव में विधायक सुनील उईके की उपस्थिति में महिला कॉंग्रेस ने मनाई महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि।सर्वप्रथम विधायक सहित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का पूजन अर्चन कर माल्यार्पण किया एवं मौन रखकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपस्थित कॉंग्रेस जनों को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि आज हम एक ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी की पुण्यतिथि पर एकत्रित हुए है जिनके नाम से ही देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ती है - नेता जी सभाषचंद्र बोस। 18 अगस्त 1945 को नेताजी का निधन हुआ था, लेकिन उनकी वीरता, साहस और देश के लिए समर्पण की कहानी आज भी हमारे दिलों में जीवित है। हम सभी को नेता जी की राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। राष्ट्र के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस के श्री चरणों में मैं पूरे कॉंग्रेस परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ।कार्यक्रम में विधायक सुनील उईके के साथ ब्लॉक महिला कॉंग्रेस अध्यक्ष अन्नू वानखेड़े, पद्मावती जैसवाल, सानिया कहार, सलमा बेगम, सुमन यादव, सावित्री दुर्गे, गीता वाईकर सहित बड़ी संख्या में कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महिलाए उपस्थित थे।

## कोयला श्रमिक संगठन पुनः प्रथम स्थान पर



परासिया : वेकोली पेंच क्षेत्र में कोयला श्रमिकों की सदस्यता सत्यापन वर्ष 25 - 26 के प्रथम दिवस दिनांक 18/08/2025 को पहले दिन ही एक ओर जहां कोयला श्रमिक सभा एच एम एस ने पिछले 2 वर्षों का रिकॉर्ड कायम रखते हुए 60 सदस्यता के साथ केंद्रीय चिकित्सालय शाखा में प्रथम स्थान पर काबिज किया तो वहीं पूरे पेंच कोयला क्षेत्र में श्रमिक संगठन बी एम एस आगे रही । ज्ञात हो , कि पेंच कोयला क्षेत्र में श्रमिक सदस्यता सत्यापन शुरू हो गया है । सत्या के पहले दिन बी एम एस 318 , एच एम एस 173 , इंटक 95 और एटक के 64 सदस्यों का सत्यापन हुआ है । केंद्रीय चिकित्सालय बड़कुही में एच एम एस लगातार तीसरी बार सबसे आगे है , जबकि यहांभारतीय मजदूर संघ पेंच कन्हान - क्षेत्र के नवनिर्वाचित महामंत्री भी केंद्रीय चिकित्सालय शाखा में कार्यरत हैं , फिर भी निरंतर तृतीय बार एचएमएस संगठन प्रथम स्थान पाने में सफल रहा । जिसमें संगठन के राजेश सूर्यवंशी शरद सोलंकी एवं उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा ।

### भगवान कुश का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

छिन्दवाड़ा। कोषाध्यक्ष राजेश्वर समरिया ने बताया कि जिला कुशवाहा महासभा छिन्दवाड़ा के द्वारा आज सोमवार को पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में कुशवाहा (काछी) समाज के आराध्य देव भगवान कुश का जन्मोत्सव अत्यन्त हर्षोल्लास के मनाया गया, जिसमें गीत, गायन, हवन पूजन आरती के बाद मेधावी छात्र/छात्रांए जिन्होंने 75% से अधिक अंक अर्जित किये थे, उन्हें कुशवाहा महासभा छिन्दवाड़ा के द्वारा शील्ड, प्रशस्ति पत्र, मय अंक सूची फाईल फोल्डर देकर सम्मानित किया जाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई एवं आगामी कार्य योजना में कुशवाहा समाज के भवन निर्माण के लिये शीघ्र कार्य योजना तैयार की गई।

## पांडूपिपरिया से हर्रई मार्ग के सातलवा की चट्टानों में भरे बारूद से भयभीत राहगीर

### सड़क कंपनी द्वारा विस्फोट में आयुध नियमों की की जा रही अनदेखी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

पांडू पिपरिया से हर्रई तक बनने वाली सड़क में सड़क कंपनी के द्वारा निर्माण में लेट लतीफी इस क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत का सबब साबित होती चलीआ रही है। सड़क कंपनी की मनमानी के चलते सड़क निर्माण के दौरान लोगों की जान भी गई है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। जैतपुर के पास उनके ग्रेडर से एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो चुकी है।

वहीं सड़क निर्माण में अनियमितता के चलते फैली गिट्टी के कारण कई वाहन चालक घायल हो चुके हैं। आज भी सड़क निर्माण पूरा नहीं होने की स्थिति में लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है, लेकिन ना तो विभाग को और ना ठेकेदार को इन चीजों से कोई सरोकार है। सनद रहे सड़क कंपनी ने सड़क किनारे अनावश्यक रूप से पेड़ काटने के अलावा मुरम का अवैद्य उत्खनन भी जमकर किया रेत एवं गिट्टी की रॉयल्टी चोरी जमकर किए जाने के आरोप भी लगते रहे है, लेकिन अब राहगीरों की जान से खिलवाड़ करने जैसे मामले भी सामने आने लगे हैं जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण इन दिनों सरे राह देखने राहगीरों को मिल रहा है कि सातलवा पहाड़ पर सड़क किनारे चट्टान जो निर्माण में आडे आ रही है उसमें विस्फोटक सामग्री भरी लोगों को दिखाई दे रही है जो बाहर साफ नजर आ रही हैं जिससे आने-जाने वाले लोग अचानक विस्फोट ना हो इससे भयभीत है। ऐसा ही कुछ राहगीरों ने हरि भूमि को विस्फोट के लिए लगाए गए बायर का फोटो उपलब्ध करवाया है जिसे देखकर प्रतीत होता है कि यदि किसी ने इसमें अंगार लगा दी तो निश्चित बड़ा विस्फोट होना निश्चित है क्योंकि जब बारूद भरी गई है तब तो बायर बाहर निकाले गये हैं। यहां पर भी आयुध नियम की अनदेखी देखने मिल रही है। वास्तविक में चट्टान में जो बारूद गया है वो साफ देखा जा सकती है। जबकि आयुध नियम के अनुसार कोई भी विस्फोट विशेषज्ञ के द्वारा किया जाता है जिसकी जिम्मेदारी ठेकेदार की करवाने की होती है, लेकिन राहगीरों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चट्टान में जो विस्फोटक लगाया गया है वह सिद्ध करता है, कि सड़क कंपनी ने जिसको जिम्मेदारी दी है उसकी लापरवाही इस विस्फोटक मामले में साफ देखने मिल रही हैं। यदि शीघ्र इस बारूद से विस्फोटक भरी चट्टान को समय पर विस्फोट सुरक्षित तरीके से नहीं किया गया तो बड़ा विस्फोट हो जाए इसी आशंका गुजरने वाले राहगीरों मै भय व्याप्त है। अचानक होने वाले विस्फोट से बना हुआ है जो भी हो राहगीरों ने अपने ज्ञान के हिसाब से इसका आकलन किया है।

अब सड़क कंपनी एवं विभाग के अधिकारी एवं जिम्मेदार क्षेत्र के अधिकारियों को संज्ञान में लेकर इस चट्टान में लगे विस्फोट के लिए जो बायर लगे बतलाए जाते हैं। उनका निराकरण शीघ्र करना होगा। यदि ऐसे में किसी प्रकार की कोई विस्फोटक घटना जिसकी आशंका लोगों के मन में है। उसका निराकरण कर भय के वातावरण से राहगीरों को मुक्त करना होगा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने किया जागरूक

### विभिन्न वार्डों में स्वच्छता की पाठशाला एवं जागरूकता अभियानों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहाके एवं आयुक्त सी.पी. राय के मार्गदर्शन में सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट टीम द्वारा 18 अगस्त को विभिन्न वार्डों में स्वच्छता की पाठशाला एवं जागरूकता अभियानों का आयोजन किया गया।

आयोजन स्थल एवं मुख्य गतिविधियाँ1 वार्ड 14 – सन-राईज पब्लिक स्कूल2 वार्ड 11 – आदर्श शिवोम विद्या मंदिर स्कूल3 वार्ड 12 – संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास 4 वार्ड 31 – फव्वारा चौक वार्ड 41 – दीनदयाल पार्क मुख्य गतिविधियाँ एवं उद्देश्य :स्वच्छता की पाठशाला – बच्चों को कचरे के वर्गीकरण (गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक व सेनेटरी वेस्ट) की जानकारी दी गई।होम कंपोस्टिंग – गीले कचरे से खाद बनाने की सरल विधि समझाई गई।स्वच्छता महुआ एप – नागरिकों को एप के उपयोग व सुविधाओं की जानकारी दी गई।फीडबैक एवं शपथ – बच्चों व नागरिकों से फीडबैक लिया गया तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सिंगल-यूज प्लास्टिक जागरूकता – फव्वारा चौक पर नागरिकों को सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने हेतु जागरूक किया गया।रेड स्पॉट जागरूकता – दीनदयाल पार्क में रेड स्पॉट न बनने के दुष्परिणाम बताए गए।मलासुर अभियान – हर 3 वर्ष में सेप्टिक टैंक की सफाई और सुरक्षित निपटान हेतु जानकारी दी गई।RRR (Reduce, Reuse, Recycle) – कचरे में कमी और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इन सभी आयोजनों का उद्देश्य "स्वच्छता अपनाएँ, पर्यावरण बचाएँ" की भावना को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

### कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने ली समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## अधिकारी लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विभाग प्रमुख स्वयं यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का केवल निपटारा ही नहीं, बल्कि उनका गुणात्मक निराकरण भी हो। साथ ही जनसुनवाई आवेदनों पर भी प्राथमिकता से कार्रवाई करने की बात कही। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम, जो कि मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन की तर्ज पर जिले में कलेक्टर श्री सिंह की पहल से शुरू किया गया है, प्रत्येक माह में दो बार सोमवार को आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आयोजित बैठक में तीन गंभीर और लंबे समय से लंबित प्रकरणों की विशेष समीक्षा की गई।

### गलत जांच रिपोर्ट पर दिए जाँच के आदेश

शिकायतकर्ता श्री शैलेन्द्र द्वारा सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर की गई शिकायत की समीक्षा की गई। शिकायत पैथोलॉजी लैब द्वारा जारी की गई गलत जांच रिपोर्ट से संबंधित थी। कलेक्टर श्री सिंह ने शिकायत के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर एडीएम श्री धीरेन्द्र सिंह को इस प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए।

### डाइट में प्रवेश संबंधी शिकायत

यह प्रकरण शिक्षा महाविद्यालय डाइट छिन्दवाड़ा से संबंधित था, जिसमें छात्रा सुश्री किरण वर्मा ने मार्कशीट न मिलने की शिकायत दर्ज की थी। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने समस्या का निराकरण वर्तमान समय तक नहीं होने पर डाइट प्राचार्य के दो वार्षिक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि यदि एक माह के भीतर शिकायत का निराकरण नहीं हुआ तो प्राचार्य के विरुद्ध निलंबन की संस्तुति आयुक्त महोदय को भेजी जाए।

### जननी सुरक्षा योजना का लाभ न मिलने की शिकायत

ग्राम अकलमा निवासी महिमा विश्वकर्मा ने शिकायत की थी कि उनकी प्रसूति 8 मार्च 2021 को जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा में हुई, किंतु उन्हें जननी सुरक्षा योजना और संबल योजना की राशि प्राप्त नहीं हुई। जांच में पाया गया कि हितग्राही को जननी सुरक्षा योजना का 1000 रूपये तथा संबल योजना का 11000 रूपये का भुगतान दिनांक 13 अगस्त 2025 को चेक के माध्यम से कर दिया गया है तथापि, भुगतान में विलंब और लापरवाही को गंभीर मानते हुए जिम्मेदार अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## सांस्कृतिकी युवा मंडल ने किया गायन प्रतियोगिता का आयोजन

# गायन प्रतियोगिता में हुई एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर




नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन ने सास्कृतिकी युवा मंडल की ओर से गायन प्रतियोगिता आयोजन किया गया। स्वतंत्रता पर्व के उपलक्ष पर आयोजित गायन प्रतियोगिता का शुभारंभ व्यापारिक संगठन के पूर्व अध्यक्ष दिलीप बागडे, सास्कृतिकी युवा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर जयवार,मनोज सनेसर,सन्दीप बागड़े,मुकेश बागड़े,मनोज जयवार,सुनील जायसवाल,निर्णायक मंडल सदस्य सचिन कालसकर किशोर दगड़े, कुडलीक लांजेवार,के द्वारा भारत माता के प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया,आयोजन के दौरान 10 वर्ष से लेकर तो 56 वर्ष आयु के 31 प्रतिभागियों के द्वारा हिंदी, मराठी, पंजाबी, लावणी, देशभक्ति आदि गीतों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरी,आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए संस्कृतिकी युवा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर जयवार, मुकेश बागडे ने बताया विगत 17 वर्षों से सास्कृतिकी युवा मंडल के द्वारा क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों, युवाओं, छात्राओं नागरिकों को मंच उपलब्ध हो इस दृष्टिकोण को लेकर 15 अगस्त को गायन प्रतियोगिता ओर 26 जनवरी को लिटिल चैंप ग्रुप डांस कंपटीशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर साल बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के द्वारा भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागडे ओर तनुल सूर्यवंशी ने किया,समापन अवसर पर पुरस्कार वित्तरन में प्रथम पुरस्कार शिखा गायधने को 5001 रुपए ऑरेंज सिटी कॉलेज सौसर, द्वितीय पुरस्कार सीताराम धाकड़,3001 कमल फ़ोटो स्टूडियो सौसर, तृतीय पुरस्कार मीरा नागरे 2001 रुपये एमबीसी नेटवर्क सौसर,सांत्वना पुरस्कार मैत्रेय बागडे, गुणवंत भोपते, उत्तम बोकडे आदि को ट्रॉफी प्रमाण पत्र के साथ सभी प्रतिभागियों को अतिथियों के हस्ते सम्मानित किया गया।आयोजन में मनोज सनेसर,डॉ रूपेश बोकडे,मदन चावके,अनिल पालीवाल,सिद्धार्थ सोमकुवर,नरेंद्र रंगारे,तनुल सुयवशीशैलेंद्र खडाइत, श्रीमती नीता बागडे,अर्पित सवासेरे,अमित कोठे,पवन काले,आदि थे।

## हजारों साधकों ने निकाली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा




**छिंदवाड़ा।** आशारामजी बापू की पावन प्रेरणा से देश भर के 750 जिला केंद्रों पर स्वंत्रता दिवस के पावन पर्व पर विराट तिरंगा यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ । इसी कड़ी में हजारों साधकों ने साध्वी प्रतिमा बहन और साध्वी रेखा बहन के सानिध्य में तिरँगा यात्रा की शुरुआत लिंगाआश्रम से कर लिंगा बस स्टैंड , इमलीखेड़ा चौक, चन्दनगाँव , ELC चौराहा होते हुए शहीद स्मारक पर समाप्त हुई ।15 किलोमीटर की इस तिरँगा यात्रा में सभी साधक अपने - अपने वाहनों से निकलकर देश भक्ति और गुरु भक्ति से ओत - प्रोत गीत एवं भजन कीर्तन गाते रहे । इस तिरंगा यात्रा का नगर वासियों ने जगह - जगह भव्य स्वागत किया । इधर गुरुकुल में भी भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । गुरुकुल के विद्यार्थियों ने स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर शानदार पी टी परेड प्रस्तुत की जिसे जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने पुरुस्कृत किया। इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , सुभाष इंगले , अशोक कराड़े , कैलाश राउत , गोवर्धन मालवीय ,रायमेन सर,मनी ,तुला पटेल , गुड्डू चौरे, रामराव लोखंडे , नारायण ताम्रकार ,विलाश घोगें, कुबेरजी सुरज माहोरे ,ओम साहू शांताराम पवार लिंगा महिला समिति की अध्यक्ष ललिता घोंगे , प्रीति सोंनारे , विमल शेरके , कांता लोखंडे आदि ने अपनी - अपनी सेवाएं दी ।

# आज नकुलनाथ का होगा छिन्दवाड़ा आगमन

## किसान बचाओ आंदोलन में होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व आगंतुकजनों से भेंट करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 19 अगस्त दिन मंगलवार को प्रातः 11.15 बजे छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

20 अगस्त बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नकुलनाथ "किसान बचाओ आंदोलन" का नेतृत्व करेंगे। आयोजित आंदोलन में नकुलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री ओमकार मरकाम व सुश्री विजय लक्ष्मी साधो सहित प्रदेश के अन्य जनप्रतिनिधिगण प्रातः 11.30 बजे जेल बगीचा मैदान पहुंचेंगे।

## अपात्र व्यक्तियों को पात्र बताकर पीएम आवास योजना ग्रामीण में अर्जुनवाड़ी पंचायत के सचिव-सरपंच ने दिया लाभ

**छिन्दवाड़ा:** जिले में केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण अवास योजना के तहत गरीब व्यक्तियों को पक्के मकान बनाकर दिये जा रहे है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की अधिकारी कर्मचारी गरीबों को मकान उपलब्ध ना करवाकर गलत तरीके से जिनके पक्के मकान पूर्व से बने हुये है उन व्यक्तियों को पात्र बताकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में लाभ दिया गया है ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय से 10 कि.मी.दूरी पर स्थित मोहखेड़ तहसील ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी में सामने आया है कि सरपंच भूरू प्रसाद इवनाती ,सचिव साहेबराव चरपे ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी के द्वारा ऐसे व्यक्तियों को ग्राम कुकड़ाचिमन में एवं अन्य ग्राम में पात्र व्यक्ति बताकर प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रकरण स्वीकृत करवाकर शासन की राशि जारी करवा दी और जो सही मायने में गरीब व्यक्ति है और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिये पात्र है उनके प्रकरण को स्वीकृत ना करवाकर गलत तरीके से शासन की जनहितकारी महत्वाकांक्षी योजना का दुरूपयोग कर रहे है इस संबंध में ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी उपसरपंच तरूण कुमार माहोरे के द्वारा जिला कलेक्टर एवं प्रधानमंत्री कार्यालय व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव व मुख्य सचिव म.प्र.शासन व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन प्रस्तुत कर निष्पक्ष जांच की मांग की है और दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की है पूर्व में भी अर्जुनवाड़ी पंचायत में सरपंच सचिव के द्वारा सी.सी.रोड़ एवं अन्य कार्यों में गुणवत्ताविहीन कार्य एवं वित्तीय अनियमिताऐं पंचायत में की थी जिसे उपसरपंच तरूण कुमार माहोरे द्वारा उजागर किया गया और पूर्व में भी जांच में ग्राम पंचायत अर्जुनवाड़ी के सरपंच ,सचिव दोषी पाये गये है जिनसे वसूली की कार्यवाही भी की गई है। जनपद पंचायत मोहखेड़ में बैठे जिम्मेदार अधिकारी शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं करते और पात्र व्यक्तियों को लाभ मिलने की वजह अपात्र लोगों को भ्रष्टाचार के माध्यम से लाभ दिया जा रहा है देखना यह है कि जिले के वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्यवाही करते है। उपसरपंच द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग की गयी है।

## बाल गोपाल की झांकी ने मोहा मन

**पांढुर्ना।** कल स्थानीय रामशांति विद्यामंदिर में प्री प्राइमरी के नन्हे मुन्ने बच्चो के बीच श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व बडे हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की थीम मॉम एंड मी रखी गई थी जिस पर माताओं एवं बच्चों ने संयुक्त रूप से आकर्षक प्रस्तुतियां दी। रंगबिरंगी झांकियों, मनमोहक नृत्यों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाल गोपाल की झांकी प्रमुख रूप से आकर्षण का केंद्र बनी।




इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर परी श्वेता माहेश्वरी एवं प्रणति निकिता ठाकुर, द्वितीय स्थान ग्रेसी कनन अर्चना सोमकुंवर एवं चिरांश दिशा बेलखडे, तथा तृतीय स्थान पर रूहानी आरती जुनेजा एवं मिष्का कल्पना चौकसे रहे। इसके अलावा जसप्रीत स्वीटी कोरडे को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। समारोह का संचालन निधि सिंह चौहान तथा निर्णायक की भूमिका में शाला की चेयरपर्सन सरोज बुधराजा रही। इस अवसर पर शाला प्राचार्य चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले, प्री प्रायमरी विभाग कॉऑर्डिनेटर रजनी गाखरे एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## 20 अगस्त को जगनाडे सभागृह में योग शिविर

**पांढुर्ना।** आगामी 20 अगस्त को स्थानीय श्री जगनाडे महाराज सभागृह में एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योगशिविर होने जा रहा है। इस शिविर में हरिद्वार के पूज्य स्वामी डॉक्टर परमार्थ देव महाराज पतंजलि योगपीठ पांढुर्ना की ओर से उपस्थित रहेंगे। यह शिविर 20 अगस्त को प्रातः साढे पांच बजे से साढे सात बजे तक होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे रहेंगे और समारोह में कलेक्टर पांढुर्ना तथा तहसीलदार पांढुर्ना को भी आमंत्रित किया गया है। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा, गैस, कब्ज, कमर दर्द, स्पॉन्डिलइसिस, दमा, माइग्रेन, डिप्रेशन, जोडो का दर्द, तथा अन्य रोगो का उपचार किया जाएगा।

# शिक्षक संघ की समस्याओं पर जिला शिक्षा अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के द्वारा सोमवार को सहायक शिक्षा संचालक सुश्री रश्मि कुसरे को शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपकर कार्रवाही करने की मांग की है, ज्ञापन में शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने बताया कि विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को पूर्व में कई बार शिक्षक संघ के द्वारा ज्ञापन सौंप गए हैं।

बावजूद इसके कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके चलते संघ में धीरे-धीरे आक्रोश पनप रहा है।ज्ञापन में माध्यमिक शिक्षक विजय रेवस्कर (माध्य शिक्षक) इनके डी.ए.एरीयर्स पेंडीग है, उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए,संकुल केन्द्र मोहगाँव के 33 प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का एच.आर.ए.दिनांक 2018 से जून 2020 तक 25 माह का एरीयर्स अभितक पेंडींग है। संकुल केन्द्र मोहगाँव के 12 प्राथमिक शिक्षकों के प्रथम कमोन्नती एरीयर्स पेंडींग है, अजय ढोक माध्यमिक शिक्षक का 2020 तथा सुजाता सहारे प्राथमिक शिक्षक का मेडीकल बील वर्ष 2022-23 का स्विकृति आदेश होने पर अभी तक अप्राप्त है।

शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सरवरे ने बताया कि संकुल केन्द्र बेरडी से श्रीमती अर्चना बोरकर,मोरेश्वर बोबडे के 12 वर्ष के कमोन्नती एरीयर्स अभितक पेंडीग है। जबकी संकुल के अन्य शिक्षकों को एरीयर्स का भूगतान हो चुका है। सभी समस्याओं कोजिला शिक्षा अधिकारी छिन्दवाड़ा/पांढुर्णा को दिनांक 23 जून को लिखा गया हैं। किंतु आजतक इस समस्या का कोई निराकरण नही किया गया है।

इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सूर्यकांत ढेपे,राजू तुपकर प्रदीप गोहत्रे,अजय ढोक, अशोक वड़सकर, जयसिंह धुर्वे, भाऊराव धुर्वे ,महेंद्र सिंह खेरड़े आदि उपस्थित थे।

## लांजी-सालेटेकरी मार्ग पर स्थित बकरामुंडी जांच नाके का मामला

# वनविभाग की लापरवाही: जर्जर हालत में जांच नाका, वनकर्मियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



वनविभाग की लापरवाही का एक और उदाहरण सामने आया है, जहां लांजी नगर के सालेटेकरी मार्ग पर स्थित बकरामुंडी जांच नाका की हालत जर्जर हो गई है। इस जांच नाके के कमरे की दीवारों पर सीपेज हो रहा है और बची हुई कुटिया कभी भी ढह सकती है। इस जांच नाके पर तैनात वनपाल और वनरक्षकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की चैकिंग के दौरान उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद वनविभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। वनकर्मियों ने बताया कि उन्हें कई बार इस जांच नाके की जर्जर हालत के बारे में अधिकारियों को बताया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस जांच नाके की मरम्मत नहीं की गई तो यह कभी भी ढह सकता है और वनकर्मियों को भारी नुकसान हो सकता है। इस मामले में वनविभाग के अधिकारियों की लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। विभाग को जल्द ही इस जांच नाके की मरम्मत करनी चाहिए और वनकर्मियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

**कभी भी घट सकती है गंभीर दुर्घटना:** बकरामुंडी जांच नाका स्थल पर निरीक्षण के दौरान देखा गया की उक्त जांच नाके के कमरे की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सामने की छप्पर को छोड़कर पूरा शासकीय भवन जमींदोज हो चुका है परंतु ऐसी स्थिति में भी वनविभाग के कर्मचारी यहां कार्यरत हैं। कभी भारी बारिश होने पर उक्त भवन कभी भी ढह सकता है और गंभीर हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि वनविभाग लांजी का मुख्य कार्यालय इस जांच नाके से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। फिर भी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह वनविभाग की लापरवाही का एक और उदाहरण है, जिससे वनकर्मियों की सुरक्षा खतरे में है।

**परिक्षेत्र अधिकारी को नहीं है कोई सरोकार:** वहीं इस मामले में यह भी देखने में आया की बकरामुंडी मार्ग पर स्थित जांच नाका जो परिक्षेत्र अधिकारी लांजी पूर्व के अंतर्गत आता है, के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे वनकर्मियो के साथ बारिश के मौसम में काफी दिक्कते बनी हुई हैं। कर्मचारियों द्वारा बताया गया की इस संबंध में कई मर्तबा उनके द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कार्यालय भवन की मरम्मत कराने के संबंध में आग्रह किया गया है परंतु उनके द्वारा जिला मुख्यालय में पत्र लिखकर मरम्मत या निर्माण की स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में 15 अगस्त 2025 को शुक्रवार के दिन 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहीदों को याद किया गया और उनके बलिदानों का सम्मान किया गया।सु बह 7:30 बजे स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले द्वारा राष्ट्रीय ध्वज की पूजा के बाद ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के स्काउड गाइड के छात्रों एवं समस्त शिक्षकगण, ग्रामवासीयो एवं स्कूली छात्रों के द्वारा ध्वज को सलामी दी गई। ध्वजारोहण के उपरांत स्कूली छात्रा की प्रभात फेरी निकाली गई, जो ग्राम पंचायत भानेगॉव से भ्रमण करते हुए बस स्टॉप भानेगॉव में गांधी जी की प्रतिमा के सामने सामूहिक ध्वजारोहण के साथ समाप्त हुई। इस अवसर पर पालक संघ अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, विजय पटले, उपाध्यक्ष प्रकाश पटले, रोहितलाल बिलधैया सचिव भुमेश्वर तुरकर, गणेश बाहे सहसचिव दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले सहित महिला संघ समिति की अध्यक्ष श्रीमती सविता मिसारे, योगिता राहंगडाले उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का भरें, सुजाता रामटेके सचिव श्रीमती वर्षा पटले, सीमा इनवाती सहसचिव श्रीमती कविता कुशले, पदमा बिहोने एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं के साथ ग्राम के गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में माँ सरस्वती, भारतमाता एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, डॉ. बी.आर. अम्बेड़कर के छायाचित्र पर संस्था के संचालक ए.आर. कुशले और पालक संघ के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। इस प्रकार, एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया।



## धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा मुख्यालय से 12 किलो मीटर दूर स्थित ग्राम जाम में बड़े ही धूमधाम से हर्ष और उल्लास के साथ जाम सहित आसपास के ग्रामों में बहेगांव, कंजाई, मोहगांव, छिंदलाई, नेवरगांव, ग्रामीण अंचलों में श्री कृष्ण जन्म अष्टमी की खासी धूम रही। भक्त जनों श्रद्धालुओं द्वारा श्री कृष्ण भगवान की रात-दिन पूजा अर्चना कर लल्ला को बाजे-गाजे के साथ सभी ग्रामीण जन एवं महिलाएं, पुरुष बच्चों सहित झाकियों के माध्यम से विसर्जन करने निकल गया। श्रद्धालगण भक्ति में माहौल नदी व तालाबों के तट पर भगवान वासुदेव नंदन गिरधर गोपाल की आरती व भजन गाकर श्री कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र कृष्णमय हो गया। तत्पश्चात भक्तगणों द्वारा द्वारकाधीश को विदाई दी गई। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मान्यता रखने वाले लोगों के घर श्री कृष्ण जी पूरे भक्ति में माहौल में विराजित हुए। रात्रि में भजन मंडली के माध्यम से भक्त जनों नेआराधना स्तुति की। विसर्जन होने के पश्चात प्रसाद का वितरण भी एक दूसरे मेंकिया गया ऐसे मनमोहन दृश्य को देख मन भाव-विभोर एवं भक्तिमय हो जाता है।

## स्वतंत्रता दिवस पर उकवा आंगनबाड़ी केंद्र में तिरंगा फहराया



हरिभूमि न्यूज उकवा।

आंगनवाड़ी केंद्र में ध्वजारोहण वार्ड नंबर 7 उकवा आंगनवाड़ी केंद्र पानी टोला में श्रीमती उषा गिरे समाजसेवी ने भारत माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा गांधी फोटो पर माल्यार्पण एवं दीपक प्रज्वल करके ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर राष्ट्रगान। करवीर शहीदों को याद किया सेंट्रल सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया उकवा में। श्री राहुल पारदी प्रधान खदांची ने ध्वजारोहण बैंक में किया पोस्ट ऑफिस में आशीष वासनिक सर एवं अन्य सभी इस दौरान श्रीमती उषा गिरे भाजपा मंडल महामंत्री आंगनवाड़ी कार्य करता नीता गेडम। प्रणिता खंगार सहायता कौशल्या अहि गए सुनीता हीरकने श्रीमती रामवती बाबूलाल योगेश भोयर संजय चौहान सुरक्षा गार्ड किशोर पर वार लतीश बिसेन अंकुश चौक से संदीप खांडेकर संतोष गेडम श्रवण चौहान ओम प्रकाश चौक से सभी सहयोगी जनों का धन्यवाद करके कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर आन बान शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज उकवा।



आजादी का अमृत महोत्सव 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह जगह-जगह बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस का महोत्सव शासकीय एवं गैर शासकीय स्कूलों एवं कार्यालय में मनाने हेतु सुबह से ही हलचल नजर आई इसी कड़ी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा प्राचार्य श्री रमेश भटेरे के द्वारा ध्वजारोहणकर प्रभात रैली निकाली गई रैली स्कूल से निकलकर ग्राम पंचायत उकवा पहुंची जहां सरपंच सुश्री अनुसुईया क्षत्रीया के द्वारा महात्मा गांधी एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया एवं स्कूली छात्राओ द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया उसके पश्चात प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र उकवा में ध्वजारोहण के पश्चात बस स्टैंड उकवा मे जनपद सदस्य श्रीमती रीता फूलोंके के द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर भ्रमण करते हुए प्रभात रैली पुरानी पुलिस चौकी उकवा पहुंची जहां पर उप सरपंच श्री शिव शंकर तिवारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात रैली सूर्या मैदान पहुंची यहां पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री दिलीप अग्रवाल के द्वारा पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया इस पूरे कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उकवा से सरपंच सुश्री अनुसुईया क्षत्रिया उपसरपंच शिव शंकर तिवारी जनपद सदस्य रीता फूलोंके रोजगार सहायक अनीता पटले परमानंद पारधी अश्विनी नाग ललिता रौतेल प्रमिला मेश्राम सुमित बांगरे सृष्टि सिक्का सविता चौकसे एंव ग्राम के पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सुरेखा बडोले सुश्री कृष्णा खंगार मुरली नर्सवानी उषा गिरे आभा एेडे सुजीत क्षत्रीया लकी चौकसे संतोष मर्सकोले रवि सोनी आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उकवा से निकल गई प्रभात रैली ध्वजारोहण एवं नगर भ्रमण के पश्चात वापस विद्यालय पहुंची जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमो का रोमांचक आयोजन प्रस्तुत किया गया ।

# सांप काटने से महिला की इलाज के दौरान मौत

### *विधायक ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर लापरवाह अधिकारियों पर कार्यवाही करने दिए निर्देश*



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोचेवाही में रविवार की शाम लगभग साढ़े 6 बजे वारासिवनी वन विभाग में पदस्थ वनरक्षक अशोक परते की पत्नी सपना परते को सांप के काटने पर निजी वाहन की सहायता से तत्काल वारासिवनी सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मगर सूचना देने के बाद भी ड्यूटी मे तैनात चिकित्सक विक्रम शरणागत लगभग एक घंटे बाद पहुंचे। किंतु समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण सपना परते की मौत हो गई।

जिसके बाद सोमवार की सुबह मृतक कोचेवाही निवासी 36 वर्षीय सपना परते के पति अशोक परते द्वारा पुसि थाना वारासिवनी में पहुँच कर लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक पर कार्यवाही की मांग की गई। जिसके बाद सोमवार की सुबह सपना परते का पोस्टमार्टम करवाया गया। सूचना मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल परिजनों से मिलने पहुँचे और जानकारी लेने के बाद लापरवाह चिकित्सक पर कार्यवाही करने की बात कही।

व्यापारी अभिषेक सुराना ने बताया कि रात के समय जब भी कोई मरीज इलाज के लिए शासकीय चिकित्सालय में आता हैं, ज्यादातर चिकित्सक शराब के नशे में ही रहते हैं। वहीं ड्यूटी के समय शासकीय चिकित्सालय में मौजूद नहीं रहते हैं। कई बार शिकायतें करने के बाद भी कागज में कार्यवाही हो जाती हैं, जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नजर नहीं आती हैं।

मृतक सपना परते के पति अशोक परते ने बताया कि रविवार को मैं वारासिवनी वन विभाग में ड्यूटी में था। मुझे मेरी मम्मी रैवंता का फोन आया और उन्होंने बताया कि बहू को हाथ में सांप ने काट दिया हैं। जिससे बाद तत्काल मोहल्ले वालों की सहायता से मेरी पत्नि को निजी वाहन से वारासिवनी सिविल अस्पताल में लाया गया। मगर वहाँ सिर्फ एक नर्स ड्यूटी में मौजूद थी। उनके द्वारा डॉक्टर विक्रम शरणागत को फोन करके बुलाया गया, मगर लगभग एक घंटे बीत जाने के बाद भी डॉक्टर समय पर नहीं पहुँचे। समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण मेरी पत्नी की मौत हो गई, ऐसे लापरवाह डॉक्टर पर कार्यवाही होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### भारत स्काउटर गाइडर की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत स्काउट गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार वार्षिक कार्यक्रम में जिला स्तरीय स्काउट गाइड का आयोजन अनिवार्य है इसी कड़ी में दिनांक 18/8/2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर शिवसिंह कुमरे के मार्गदर्शन में कृष्ण म गार्डन में स्काउटर गाइडर बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में सिवनी बरघाट केवलारी विकासखंड के विद्यालयों से 80 प्रशिक्षित स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन ने इस बैठक में उपस्थित होकर वर्ष भर की स्काउट गाइड गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की जिसमे दल का पंजीयन दल संचालक में आने वाली कठिनाई तथा दल संचालक के लिए आवश्यक जानकारी से अवगत हुए सर्वप्रथम सभी स्काउटर गाइडर ने सर्व प्रथम प्रार्थना तथा प्रतिज्ञा के माध्यम से इस बैठक का शुभारंभ किया ।

# रामटेक-शिकारा रेलमार्ग के निर्माण लेकर आगे आये सांसद विधायक एवं भाजपा के दिग्गज नेता

## जिले में हस्ताक्षर अभियान का हुआ आगाज












**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

रामटेक-शिकारा रेलमार्ग के निर्माण से जिले के विकास को नये अवसर मिलेंगे और आमजन को यातायात का एक सुगम साधन प्राप्त होगा। इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर जिले में एक व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने की दिशा में आज जिला मुख्यालय से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

अभियान का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रेम तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि इस रेलमार्ग के निर्माण से न केवल जिले की जनता को लाभ होगा बल्कि रेलवे विभाग के लिए भी यह बेहद फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि उत्तर और दक्षिण भारत के बीच की दूरी लगभग 250 किलोमीटर तक कम हो जाएगी।

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रारंभ हुए इस हस्ताक्षर अभियान में भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न दलों के प्रमुख नेता, कर्मचारीगण, पत्रकारगण, छात्र-छात्राएँ और बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए।

### इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, सिवनी विधायक श्री दिनेश राय 'मुनमुन, बरघाट विधायक श्री कमल मसकोले, पूर्व सांसद नीता पटेरिया, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, राकेश पाल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डहेरिया, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, राजेश त्रिवेदी, संतोष नगपुरे, लालू राय, विनोद सोनी, संजय खंडाईत, संतोष पंजवानी, दीपू मिश्रा, भुवनेश कुलहाडे, संजय सोनी, आशीष मानाठाकुर, आशीष सोनी, अंशुल चौरसिया, दीपू कनोजिया, अनूप मिश्र, अजय डागोरिया, संजू मिश्रा, युवराज राहंगडाले, कविता शर्मा, उर्मिला उइके, अनुसुइया पटवा, रानी बघेल, निधि दुबे, वंदना वैस, अनीता राठौर, किरण वाहने, चन्द्रकान्ता महोबिया, पूर्व नपा उपाध्यक्ष राजिक अकील, अजय मिश्रा, गोलू पटेल, किरण जैन, तेजबली सिंह, जीतेन्द्र यादव, डॉ. दिनेश शर्मा, शुभम राजपूत, विनायक शर्मा, नवल श्रीवास्तव, मोनू राय, पत्रकार साथी दिनेश ठाकुर, संजय अग्रवाल, अनिल (संवाद कुंज), चेतन गांधी, मोहन बघेल सहित सैकड़ों नागरिकों ने हस्ताक्षर कर आंदोलन का समर्थ किया।



# बेंगलुरु से मुजफ्फरपुर जा रहा कंटेनर जला

## प्लाईवुड और गद्दों से भरा वाहन पंचर बनवाते समय आग की चपेट में आया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

जिले के आदेगांव थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक कंटेनर में आग लग गई। यहां हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर ग्राम गोराबीबी के पास हुआ। कंटेनर बेंगलुरु से मुजफ्फरपुर की ओर प्लाईवुड और गद्दे लेकर जा रहा था। लखनादौन से नरसिंहपुर मार्ग पर गौराबीबी गांव के पास वाहन का टायर पंचर हो गया। चालक और परिचालक ने कंटेनर को सड़क किनारे खड़ा कर पंचर बनवाना शुरू किया। इसी दौरान अचानक कंटेनर में आग लग गई।

आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। लखनादौन नगर परिषद की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक कंटेनर पूरी तरह जल चुका था। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# एमडी पावडर की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एमडी पावडर की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 07 ग्राम एमडी पावडर जब्त किया है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 70,000 रुपये आंकी गई है। इसके साथ ही आरोपियों के पास से एक बाइक, मोबाइल फोन और अन्य सामान भी जब्त किया गया है।

जिले में बीते कुछ समय से युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है। कई युवक नशे के कारण आपराधिक गतिविधियों में भी लिप्त हो रहे हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री शिमाला प्रसाद ने पूरे जिले में एक विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नागपुर



(महाराष्ट्र) से कुछ तस्कर एमडी पावडर लेकर सिवनी आ रहे हैं। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर ने अपनी टीम के साथ जिले में जगह-जगह नाकाबंदी कर दी। 15 अगस्त की शाम, पुलिस ने खैरीटेक के पास फॉरेस्ट बैरियर पर संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एयरटाइट पन्नी में रखा एमडी पावडर मिला। पकड़े गए आरोपी की पहचान हर्षद उर्फ शनि डहरवाल (32), निवासी खवासा जिला सिवनी के रूप में हुई। हर्षद की निशानदेही पर पुलिस टीम नागपुर पहुंची और कपीलनगर पुलिस की मदद से आशिफ शेख उर्फ मोहम्मद गौश (35), निवासी शेंडे नगर, नागपुर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आशिफ ने भी अपना अपराध स्वीकार किया।

# गिरते पानी में किया अंतिम संस्कार: लखनादौन में श्मशान घाट के हैं हाल बेहाल, जिम्मेदार मौन

**सिवनी जिले के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में स्थित गोसाई खमरिया गांव के श्मशान घाट में मूलभूत सुविधाओं का अभाव सामने आया है। यहां एक सेन समाज के युवक की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।**



बारिश के दौरान उनका अंतिम संस्कार करना था। श्मशान घाट में छत नहीं होने के कारण परिजनों और ग्रामीणों को त्रिपाल लगाकर अंतिम संस्कार करना पड़ा।श्मशान घाट में लोहे का ढांचा तो बना हुआ है, लेकिन उस पर टीन शेड नहीं लगाया गया है। इस कारण बरसात के मौसम में लोगों को अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ता है।मध्य प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन को दी गई है। लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण श्मशान घाट जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। श्मशान घाट में लोहे का ढांचा तो बना हुआ है, लेकिन उस पर टीन शेड नहीं लगाया गया है। इस कारण बरसात के मौसम में लोगों को अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## धनौरा पुलिस के हत्थे चढ़े जुआरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम सुनवारा पास्कल स्कुल के आगे ईमली के पेड के पास आम रोड में शनिवार को हार जीत का दांव लगा रहे जुआड़ियों को धनौरा पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही करते नगदी 20200 रुपये 52 ताश के पत्ते, दो अधजली मोमबत्ती जप्त की। गिरफ्तार आरोपियों में महेन्द्र उर्फ निम्मा पिता रामप्रसाद अग्रवाल उम्र 45 साल निवासी सुनवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा जिला सिवनी, सुनील कुमार पिता गुलाब अहिरवार उम्र 30 साल निवासी सुनवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा जिला सिवनी, राजेन्द्र पिता किशोरी कहार उम्र 28 साल निवासी सुनवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा, अमित पिता रामदास यादव उम्र 31 साल निवासी सुनवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा, नन्दकिशोर उर्फ कलुआ पिता शंभु कुशवाह उम्र 26 साल निवासी सुनवारा चौकी सुनवारा थाना धनौरा रात में सुनवारा पास्कल स्कुल के आगे ईमली के पेड के पास आमरोड पर जब कोमेन्द्र गौतम सउनि बलीराम खरे, आर केशु सरयाम, आर. सत्येन्द्र प्रजापति के जुर्म जरायम पतासाजी कस्बा सुनवारा भ्रमण हेतु मोटर सायकिल से रवाना हुआ था।

# शीतल यादव को मिला महावीर सिंह शिक्षा पुरस्कार



**हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।**

छपारा ग्राम सादक सिवनी को अपनी कर्मभूमि बनाने वाले ठाकुर महावीर सिंह सिसोदिया आर्थिक अभाव के करण उच्च शिक्षा तो प्राप्त नहीं कर पाये परंतु अपने मन में संकल्प लेकर कि शिक्षा का बेहतर विकास हो गरीब के हर बच्चे को अच्छी से अच्छी उच्च शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए उन्होंने जीवन के अंतिम क्षणों तक सतत प्रयास किया उनके किए गए। सकारात्मक प्रयासों को गति देने के लिए बच्चों में आपस में शिक्षा की स्पर्धा जागृत हो हर बच्चा अच्छे अंक लाने का प्रयास करें इसी उद्देश्य से ठाकुर महावीर सिंह सिसोदिया शिक्षा पुरस्कार प्रतिवर्ष 15 अगस्त को हाई स्कूल सादक सिवनी मे विद्यालय स्तर पर कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले छात्र को ग्राम पंचायत सादक सिवनी की शिक्षा समिति के द्वारा दिया जाता है।

इस शिक्षा पुरस्कार के लिए विमला सिसोदिया एवं उनके पुत्र राजवीर सिंह, जगतवीर सिंह एवं धर्मवीर द्वारा एक मूस्त राशि जमा की गई इस वर्ष 2024 -25 में हाई स्कूल सादक सिवनी में विद्यालय स्तर पर 94.6 प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली शीतल यादव को यह पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक,शिक्षिका, सरपंच, उपसरपंच, छात्र एवं गणमान्य नागरिकों सहित सिसोदिया परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।



### इधर, अनुप्रिया कौरव को जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रशस्ति पत्र प्रदान

15 अगस्त 2025 को फुटबॉल स्टेडियम, सिवनी में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में, 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2024-25 (बॉक्सिंग अंडर-19) में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु मार्शल आर्ट खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव को जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सिवनी के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# अधिवक्ता जितेंद्र कुमार बकौड़े ने धारा 294, 323, 506 व 34 के तीन दोषियों को कराया दोष मुक्त



**सिवनी।** जिले के धनोरा थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम भालपानी के निवासी हेमराज भलावी, हेमसिंह भलावी एवम् संजू भलावी के विरुद्ध भारतीय दण्ड प्रक्रिया 1960 की धारा 294, 323, 506 व 34 के तहत थाना धनौरा में मामला पंजीबद्ध हुआ था उक्त दांडिक प्रकरण क्रमांक RCT/ 337/ 2024 में न्यायिक दंडाधिकारी लखनादौन के न्यायालय में सुनवाई हुई जिसमें सभी तीनों आरोपियों की तरफ से धनोरा निवासी अधिवक्ता जितेंद्र कुमार बकौड़े द्वारा आरोपियों की जमानत कराकर प्रकरण में पैरवी की गयी थी। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार बकौड़े ने अपनी सूझ बूझ से उक्त दांडिक प्रकरण में आरोपियों का पक्ष रखा एवम् साक्ष्य संपन्न कर हेमसिंह भलावी, हेमराज भलावी ओर संजू भलावी को दिनांक 07 अगस्त 2025 को न्यायिक दंडाधिकारी महोदय लखनादौन के न्यायालय में भारतीय दण्ड संहिता प्रक्रिया 1960 की धारा 294. 323, 506, 34 के तहत जारी प्रकरण में लगे सभी आरोपों से दोष मुक्त कराया गया है। दोषियों के परिजनों के द्वारा अधिवक्ता जितेंद्र कुमार बकौड़े का आभार व्यक्त किया गया और उनकी कुशल कार्यशैली एवम् विनम्र स्वभाव की सराहना की गई।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं शोभायात्रा में किया सहभागिता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 18/08/2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं शोभायात्रा मे सहभागिता किया। आज सिवनी नगर के बारापत्थर पालीटेक्निक मैदान के पास स्थित पंवार भवन मे क्षत्रिय पंवार समाज जिला सिवनी पंवार शिक्षा प्रसार समिति द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने सहभागिता किया। जहां पर आपने सभी सामाजिक बंधुओं को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दिया। इस दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन , भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने यादव महासभा सिवनी द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित भव्य शोभायात्रा मे शामिल होकर सभीसामाजिक जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे भक्तजनों की गरिमामयी सहभागिता रही।

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
Zonal Office Chhindwara /अंचल कार्यालय छिंदवाड़ा वसूली विभाग/ Recovery Dept. ई-मेल/e-mail: recovery_chh@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता - श्री शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>सह-उधारकर्ता- श्रीमती अर्चना चौरसिया पत्नी शशीन चौरसिया<br>शाखा - सिवनी | Rs. 11,32,652.29/- + ब्याज दिनांक 19.05.2025 से बकाया एवं अन्य खर्चे देय | खं. संख्या 49/23, पी.एच.नं. 56/104 (शीरदीवान) फ्लैट संख्या 404, "श्री अपार्टमेंट" में चौथी मंज़िल, मौजा शीरदीवान आरआईसी डूंडा सिंवनी, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश 480661 के सभी हिस्से जो श्री शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया के स्वामित्व में हैं।<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं:- उत्तर: - लिफ्ट और मार्ग, दक्षिण: - फ्लैट संख्या 405, पूर्व: - खुला स्थान, पश्चिम: - मार्ग | 20/05/2025<br>14/08/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान – छिंदवाड़ा, दिनांक: 19/08/2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
Zonal Office Chhindwara /अंचल कार्यालय छिंदवाड़ा वसूली विभाग/ Recovery Dept. ई-मेल/e-mail: recovery_chh@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को सांकेतिक अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता - एम/एस चौरसिया वेयरहाउस<br>प्रोप. - श्री शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>शाखा - पलारी | Rs. 63,05,701.80/- + ब्याज दिनांक 19.05.2025 से बकाया एवं अन्य खर्चे देय | 1). नागाबाबा घंसौर के पास स्थित धर्मकांटा का हाइपोथेकेशन, पोस्ट: घंसौर तहसीत केवलारी, जिला - सिंवनी<br>2 ). अचल संपत्ति का विवरण: संपत्ति का स्वामी: शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता: - एसयूवी संख्या 183 पीसी संख्या 04 के सभी टुकड़े और पार्सल, क्षेत्रफल 1.10 हेक्टेयर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिंवनी, मध्य प्रदेश इसमें से 0.7362 हेक्टेयर भूमि परिवर्तित और वेयरहाउस (ग्रामीण गोदाम) है।<br>उत्तर: मोहम्मद इलियास व अन्य, दक्षिण: भागीरथी पत्नी ईश्वर, पूर्व: सुखलाल व इलियास व अन्य, पश्चिम: सीता बाई की भूमि<br>नोट: उपर्युक्त कृषि भूमि परिवर्तित खसरा 183/2, 183/1/2, 183/1/3, 183/1/4, 183/1/5 में परिवर्तित हो गई है और एक खसरा 183/1/1 अपरिवर्तित (कृषि भूमि) रह गया है।<br>संपत्ति भाग 1: संपत्ति का स्वामी: शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता: - एसयूवी संख्या 183/2 पीसी संख्या 04 के सभी टुकड़े और पार्सल, क्षेत्रफल 1100 वर्ग मीटर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिंवनी, मध्य प्रदेश<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं - उत्तर: मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: शशिन चौरसिया की शेष भूमि, पूर्व: ब्लॉक संख्या 5/ शशिन चौरसिया की भूमि, पश्चिम: ब्लॉक संख्या 1/शशिन चौरसिया की भूमि<br>संपत्ति भाग 2: संपत्ति का स्वामी: शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता: - एसयूवी संख्या 183/1/3 पीसी संख्या 04 के सभी टुकड़े और पार्सल, क्षेत्रफल 2061 वर्ग मीटर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिंवनी, मध्य प्रदेश<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं - 183/1/3 - उत्तर:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण:- शशिन चौरसला की शेष भूमि, पूर्व:- शशिन चौरसिया की शेष भूमि, पश्चिम:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क/ब्लॉक संख्या 4<br>संपत्ति भाग 3: - संपत्ति का स्वामी:- शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता:- एसयूवी संख्या 183/1/1 पीसी संख्या 04 के सभी टुकड़े और पार्सल, क्षेत्रफल 0.3638 हेक्टेयर, मौजा घंसौर तहसील केवलारी जिला सिंवनी, मध्य प्रदेश<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं - 183/1/1 (कृषि भूमि) के लिए उत्तर:- खसरा संख्या 181/5, दक्षिण:- खसरा संख्या 184, पूर्व:- खसरा संख्या 181/5, पश्चिम:- खसरा संख्या 182<br>संपत्ति भाग 4: संपत्ति का स्वामी: शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता:- एसयूवी संख्या 183/1/2 पीसी संख्या 04 के सभी हिस्से, क्षेत्रफल 916 वर्ग मीटर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिंवनी, मध्य प्रदेश।<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं: 183/1/2 के लिए - उत्तर:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण:- शशिन चौरसिया की शेष भूमि, पूर्व:- ब्लॉक संख्या 4/ शशिन चौरसिया की भूमि, पश्चिम:- सीता बाई द्वारा छोड़ी गई मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क।<br>संपत्ति भाग 5: संपत्ति का स्वामी: शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता:- एसयूवी संख्या 183/1/4 पीसी संख्या 04 के सभी हिस्से, क्षेत्रफल 1819 वर्ग मीटर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिंवनी। मध्य प्रदेश<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं: 183/1/4 के लिए - उत्तर:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क<br>संपत्ति भाग 6: संपत्ति का स्वामी:- शशिन चौरसिया पुत्र संतोष चौरसिया<br>संपत्ति का पता:- एसयूवी संख्या 183/1/5 पीसी संख्या 04 के सभी टुकड़े और पार्सल, क्षेत्रफल 1466 वर्ग मीटर, मौजा घंसौर, तहसील केवलारी, जिला सिवनी, मध्य प्रदेश<br>सीमाएँ निम्नानुसार हैं: 183/1/5 के लिए - उत्तर:- शशिन चौरसिया की शेष भूमि, दक्षिण:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:- मौजूदा 30 फीट चौड़ी सड़क | 20/05/2025<br>14/08/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टतः और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।

स्थान – छिंदवाड़ा, दिनांक: 19/08/2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र

### पुलिस लापरवाही पूर्वक चला रही थी वाहन : विधायक करहि

# पुलिस के वाहन से बच्चे की मौत!

### भीड़ ने सब इंस्पेक्टर को जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज लांजी।





बालाघाट में तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने 8 साल के बच्चे को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इधर, गुस्साए लोगों ने वाहन के ड्राइवर और उसमें सवार सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए।

ये घटना जिले के लांजी थाना क्षेत्र के भिमोड़ी गांव में रविवार शाम करीब 5 बजे की है। मृतक बच्चे का नाम राजकुमार गरुड़े है। उसकी मौत के बाद सोमवार को परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। प्रशासन से मुआवजे की मांग की।

इधर, हंगामे की सूचना मिलने पर विधायक राजकुमार करहि, एसडीएम कमल सिंह, एसडीओपी अभिषेक और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने परिजन को समझाइश देकर प्रदर्शन खत्म कराया। मृतक राजकुमार के परिवार को अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के तहत हरसंभव आर्थिक मदद का भरोसा दिया, तब जाकर परिवार ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया।

दरअसल, रविवार को गांव के लोग कृष्ण प्रतिमाओं का विसर्जन करने जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार पुलिस वाहन (MP 50 ZA 9919) ने बालक राजकुमार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद उन्होंने डायल 100 और एंबुलेंस को कई बार कॉल किया, लेकिन वे समय पर नहीं पहुंचे। बाद में वन विभाग के एक वाहन से बच्चे को लांजी के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इधर, हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस वाहन में तोड़फोड़ कर दी। इतना ही नहीं वाहन के ड्राइवर राहुल मेश्राम और उसमें सवार सब इंस्पेक्टर मनोज तरवरे को जमकर पीटा। उनके कपड़े तक फाड़ दिए। मारपीट से सब इंस्पेक्टर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन बालाघाट से एफएसएल टीम को लेकर एक सरकारी काम से जा रहा था।

इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए विधायक राजकुमार करहि ने कहा कि पुलिस लोगों को धीरे वाहन चलाने की सलाह देती है और खुद तेज रफ्तार में गाड़ी चला रही है। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

#### इनका कहना हैं

वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस वाहन को विभाग के काम के लिए अधिगृहित किया गया था। एसआई और चालक के साथ हुई मारपीट की घटना की जांच की जा रही है।

**ओमप्रकाश, एसडीओपी**

## पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी को थाना हट्टा पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला अस्पताल बालाघाट के सर्जिकल वार्ड में 17 अगस्त को पीडिता नि.ग्राम खोडसिवनी थाना हट्टा द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई की रात्रि करीबन 01.00 बजे का समय होगा मैं घर में सोई थी मेरा पति भी बाजू बाले पलंग पर लेटा था । जो मुझे बार बार जागने के लिये बोल रहा था । मैंने पति से बालो मेरे सिर में दर्द हो रहा है तथा मैं नही जागती इसी बात से नाराज होकर मेरे पति द्वारा कोई धारदार चीज ऊठा कर मेरे ऊपर हमला कर दिया जिससे मेरे सिर पर हाथ में तथा गर्दन में चोट आकर खून निकलने लगा । फिर मेरा पति बोला आज तुझे जान से खत्म कर दूंगा तो मैं चिल्लाई तो मेरे चिल्लाने की आवाज सुन कर मेरा भाई ने मुझे बचाया तथा बालाघाट अस्पताल में भर्ती करवाया है । उक्त सूचना पर से थाना हट्टा में अप.क्र. 104/25 धारा 115(2), 351(3) भारतीय न्याय संहिता का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान बीते कल 18 अगस्त को मुखबिर सूचना मिली की आरोपी अनिल पिता बृजलाल धुर्वे नि. ग्रा. रिसेवाडा वार्ड नं. 10 थाना बहेला जिला बालाघाट हट्टा बाजार चौक पर शराब के नशे में हाथ में एक बडा चाकू लेकर लहरा रहा है जिससे आने जाने बाले लोग भयभीत हो रहे है उक्त सूचना पर थाना हट्टा के सउनि बरसन सिंह धुर्वे द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी के कब्जे से एक धारदार बडा चाकू जप्त कर उक्त व्यक्ति को मौके पर गिरफ्तार कर थाने हट्टा लेकर आये तथा आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 105/25 धारा 25(1)(बी) आयुद्ध अधिनियम का पंजीवद्ध किया गया । उक्त आरोपी से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि हट्टा बाजार चौक पर शराब के नशे में हाथ में चाकू लहरा रहा व्यक्ति वही व्यक्ति है जिसने बीती रात्रि में ग्राम खोडसिवनी में अपनी पत्नी पर पर धारादार हथियार से हमाल कर घायल किया था । उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया है जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को जिला जेल बालाघाट में निरूद्ध किया गया है ।

## गुडरूघाट में विरांगना रानी अंवतिबाई की प्रतिमा की होगी स्थापना, सरपंच को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुडरूघाट के लोधी समाज संगठन के द्वारा विरागनां रानी अंवतिबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर ग्राम पंचायत सरपंच दिलीप बिसेन एंव सचिव खेमराज मालेवार को आयोजित ग्रामसभा में ज्ञापन सौपा कर जगह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। विरागनां रानी अंवतिबाई लोधी संगठन के पदाधिकारीयो ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की देश के लिए 1857 की लड़ाई में अंग्रेजो से मुकाबला करने वाली विरांगना रानी अंवतिबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करना है । जिसके लिए ग्राम पंचायत सरपंच को निवेदन करते हुए विरांगना रानी अंवतिबाई लोधी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए जगह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बताया गया की पानी टंकी व सभामंच के पास प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।इस दौरान जितेन्द्र लिल्हारे अध्यक्ष, थानसिंह मस्करे उपाध्यक्ष, धुव्रसेन दशहरे, श्रावण उपवंशी, खिलेश लिल्हारे , बब्लू उपवंशी, छोटू उपवंशी, चैनलाल उपवंशी, धर्मेंद्र लिल्हारे, चंद्रशेन लिल्हारे, योगराज नागपुरे सहित सामाजिक संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जमानत पर बाहर आने के बाद बालू द्विवेदी फिर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



दो सप्ताह पहले सरपंच संघ के अध्यक्ष और गर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच वैभव बिसेन के घर में घुसकर डराने-धमकाने और गाली-गलौच कर हंगामा करने के मामले में गिरफ्तार बालकृष्ण उर्फ बालू द्विवेदी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने बालू द्विवेदी को चेक बाउंस के एक अन्य मामले में दोबारा गिरफ्तार किया है। बता दें कि बालू द्विवेदी को पांच अगस्त को पुलिस ने सरपंच बिसेन के घर में रात के वक्त घुसकर हंगामा करने के मामले में गिरफ्तार किया था। तब पुलिस ने बालू का जुलूस निकाला था और बिसेन के आवास लाकर पूछताछ की थी।

इसके बाद बालू द्विवेदी ने न्यायालय की शरण ली थी। जमानत मिलने के बाद से वह बाहर था, लेकिन गुरुवार को कोतवाली पुलिस धरदबोच लिया। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक विजय राजपूत ने बताया कि बालू द्विवेदी पर पूर्व से पांच अपराध दर्ज है। उसे चेक बाउंस मामले में फिर गिरफ्तार किया गया है। धारा 138 के तहत न्यायालय से प्राप्त गिरफ्तारी वारंट के आधार पर बालू द्विवेदी को गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया।

## महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए धम्म मशाल यात्रा 20 अगस्त को जन्म स्थली महू इंदौर से होगी प्रारंभ, पूज्य भदंत धम्मशिखर करेंगे



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के लिए परम पूज्य डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर जी की जन्म स्थली से 20 अगस्त 2025 से प्रारंभ होगी। विशाल धम्म मशाल यात्रा महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन समिति के अध्यक्ष विकास खांडेकर ने बताया कि तथागत बुद्ध को बोधगया में सम्यक ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। देवनामप्रिय सम्राट अशोक ने अपने मौर्य वंश के शासन काल में बोध गया में महाबोधि महाविहार बोधगया का निर्माण किए। उक्त स्थान भारत ही नहीं अपितु दुनिया भर के समूचे बौद्ध अनुयायियों के श्रद्धा का केंद्र है। विश्व धरोवर महाबोधि महाविहार बोधगया का प्रबंधन बौद्धों कानूनी तौर पर प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम अनागरिक धम्मपाल जी ने 1895 में कलकत्ता न्यायालय में याचिका पेश की तत्कालीन समय पर अग्रेजों की हुकूमत थी। आजादी का आंदोलन चल रहा था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अनागारिक धम्मपाल जी को आश्वासन दिया कि भारत आजाद होने पर महाबोधि महाविहार बोधगया बुद्धिस्ट समुदाय को सौंपा जाएगा। 1947 को भारत आजाद हुआ कांग्रेस सरकार ने बौद्धों के साथ छल कपट कर भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया और उसी समिति की अनुशंसा पर बिहार सरकार ने 'बोधगया महाबोधि महाविहार मंदिर प्रबंधन एक्ट 1949 बनाए और उसमें 4 गैर, बुद्धिस्ट 4, बुद्धिष्ट और 1 पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होगा। जिसकी वजह से महाबोधि महाविहार बोधगया का प्रबंधन पूर्ण रूप बौद्धों के हाथों में हो, इस बात को मद्देनजर रख बीटी एक्ट 1949 के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में रिट पिटिशन क्रमांक 380/2012 भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाईं जी ने पेश की थी। उक्त याचिका प्रस्तुत करने के 6 वर्ष पश्चात पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट ने उक्त याचिका के समर्थन पर अन्य साक्ष्यों के साथ वर्ष 2018 को इंटरवेशन पिटिशन सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में पूज्य भदंत आर्य नागार्जुन के द्वारा प्रस्तुत रिट पिटिशन के समर्थन में पेश की।महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वावधान में 11 मार्च 2025 को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में बीटी एक्ट 1949 को रद्द करने विशाल रैली आयोजित की गई। जिसमें बालाघाट के दूर सुदूर अंचल के लोगों ने हजारों की तादात में शरीक हुए। महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में सैकड़ों उपासक उपासिकाओं के साथ उपस्थित रहे। देशव्यापी आंदोलन बनाने व शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने 13 जुलाई से 20 जुलाई तक आमरण अनशन किए। समूचे जिले के उपासक उपासिकाओं व पदाधिकारियों के निवेदन पर पूज्य भदंत धम्मशिखर जी ने 20 जुलाई 2025 को आमरण अनशन को समाप्त किए।

समिति के महासचिव डॉ. अशोक डोंगरे ने बताया कि महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति हेतु विशाल शांति धम्म मशाल यात्रा परम पूज्य डॉ. बाबा साहब अंबेडकर जी की जन्म स्थली महू इंदौर से 20 अगस्त 2025 को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में विशाल रैली प्रारंभ होगी। उक्त ऐतिहासिक कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट मुख्य अतिथि आकाश लामा, विशेष अतिथि पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति, 'चंद्रबोधि पाटिल राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, शंकर डेंगरे राष्ट्रीय महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा, मिलिंद बौद्ध भोपाल, अधिवक्ता संजय खोबरागड़े, राष्ट्रीय समन्वय महाबोधि महाविहार आंदोलन समिति चिंतामन पगारे, महासचिव भारतीय बौद्ध महासभा मप्र डॉ. वेंकटेश स्वामी कार्यकारी अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, मार्शल सुनील सारिपुत्र राष्ट्रीय समन्वय समता सैनिक दल मार्शल हरीश लोनारे एवं बौद्ध भिक्षु पूज्य भदंत नागसेन जी भंडारा पूज्य भदंत धम्म तप राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम पूज्य भदंत सुभद्र मुरैना पूज्य भदंत देवानंद नागपुर पूज्य भदंत संघ ज्योति भिंड पूज्य भदंत बुद्ध प्रकाश मुरैना पूज्य भदंत शीलरक्षित पूज्य भदंत नागसेन अकोला इत्यादि शरीक होकर विशाल मशाल रैली प्रारंभ होगी।

### 5 वर्ष पहले हुआ था विवाह पहली बार हुई थी गर्भवती

# चिकित्सक नहीं, आदिवासी प्रसूति महिला की मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** आदिवासियों के उत्थान और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों के बीच बालाघाट जिले के तिरोड़ी तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी से ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की गंभीर खामियों को उजागर करने वाली एक घटना सामने आई है. इस घटना में जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई. अस्पताल में चिकित्सक की कमी और समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने की वजह से एक प्रसूति आदिवासी महिला की मौत हुई है. महिला की मौत रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि तकरीबन ड़ेढ बजे के आसपास महाराष्ट्र के तुमसर के रास्ते में मिटेवानी के पास हुई. सोमवार को गांव में महिला का अंतिम संस्कार किया गया. मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत चाकाहेटी के अर्जुन टोला की 25 वर्षीय आदिवासी प्रसूति महिला सरिता चमन लाल कुम्भरे की मौत हुई है. 05 वर्ष पूर्व सरिता का चमन लाल के साथ विवाह हुआ था और सरिता पहली बार गर्भवती हुई थी. कुम्भरे परिवार के आंगन में पहली बार किलकारी गूंजती लेकिन सरकारी अस्पताल में चिकित्सक ना होने की वजह से प्रसूति महिला की मौत हो गई. जिस आंगन में किलकारी गूंजने का ब्रेसबी से इंतजार हो रहा था. उस आंगन में अब मातम पसरा हुआ है. सवाल यह है कि इस महिला की मौत का दोषी कौन है..? क्या वह सरकार दोषी है जो बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का दावा करती है. या वह अफसर कसूरवार है जिन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर बम्हनी में पदस्थ डॉ भूपेन्द्र गजभिए को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में अटैच कर रखा है. इसका जवाब अभी मिलना बाकी है. इस घटना के बाद खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज दूबे कहते है कि उन्होंने डॉ भूपेन्द्र गजभिए को कटंगी अस्पताल में अटैच नहीं करवाया है. ज्ञात रहे कि इसी सप्ताह हमने बम्हनी अस्पताल में चिकित्सक ना होने से ग्रामीणों को होने वाली परेशानियों से शासन-प्रशासन को अवगत करवाया था. शायद खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की नींद टूटती तो आज एक आदिवासी प्रसूति महिला की मौत ना होती।



मतृक महिला के पति चमन लाल के अनुसार रविवार की रात्रि करीब साढ़े 09 बजे उन्होंने गांव की आशा कार्यकर्ता के साथ अपनी पत्नी को बम्हनी अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती करवाया. यहां पदस्थ महिला स्वास्थ्यकर्मी ने एक घंटे के भीतर नार्मल डिलीवरी होने का भरोसा दिया. इस तरह का भरोसा देते-देते करीब ढाई घंटे बीते गए. जिसके बाद अचानक से स्वास्थ्यकर्मी ने पत्नी को रेफर कर दिया. एंबुलेंस को कॉल किया गया तो 02 घंटे बाद पहुंचने की जानकारी मिली. ऐसे में प्राइवेट वाहन से पत्नी को तुमसर लेकर जा रहे थे लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही मौत हो गई. भोले-भाले आदिवासी परिवार ने इस पूरी घटना की जानकारी तक पुलिस को नहीं दी बल्कि सीधे मृतक महिला को घर ले आए और सोमवार को अंतिम संस्कार भी कर दिया. इस घटना के सामने आने के बाद हमने अस्पताल के कर्मचारियों से उनका पक्ष जाना. जिन्होंने ऑफ कैमरा जानकारी देते हुए बताया कि महिला को रात्रि साढ़े 10 बजे अस्पताल लाया गया था. महिला को जब अस्पताल लाया गया था तब महिला का बहुत अधिक रक्तस्राव हो रहा था. नार्मल डिलीवरी के आसार नहीं थे महिला को रेफर किया गया लेकिन एंबुलेंस 02 घंटे बाद अस्पताल पहुंचती परिजन महिला को तुमसर लेकर जा रहे थे रास्ते में मौत हो गई।

गांव के स्थाई पटले जितेन्द्र सिंह रावत बताते है कि उन्होंने कई बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर अस्पताल में चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चिकित्सक की नियुक्ति करने की बजाए अनाप-शनाप जवाब बनाकर शिकायत को या तो विलोपित करवा देते या फिर उन्हीं पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते. बताना जरूरी हे कि डॉ भूपेन्द्र गजभिए की नियुक्ति बम्हनी अस्पताल में है उनका मासिक वेतन बम्हनी अस्पताल में सेवाएं देने के नाम पर निकल रहा है लेकिन उनकी सेवाएं कटंगी में ली जा रही है. उन्हें कोरोना काल के दौरान कटंगी के अस्पताल में अटैच किया गया और आज तक वह कटंगी में ही अटैच है. ग्राम पंचायत आंजनबिहरी के सरपंच और पठार संघर्ष समिति के संयोजक दीपक पुष्पतोड़े बताते कि पठार अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल-बेहाल है. लगातार शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण करवाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. बम्हनी अस्पताल में चिकित्सक नहीं होने से चाकाहेटी, अर्जुनटोला, सतीटोला, जामुनटोला, नीमटोला, सादाबोड़ी, रामजी टोला, आंजनबिहरी, दिग्धा, कोड़बी, हरदोली, पुलपुट्टा, छतेरा, टुईयापार, महकेपार और गोरेघाट की प्रसुति महिलाओं को प्रसव के लिए कटंगी, बालाघाट जाना पड़ता है. अब बीती रात्रि महिला स्वास्थ्य कर्मी ने एक आदिवासी महिला का प्रसव कराने की कोशिश की जब महिला की तबीयत बिगड़ गई तो उसे रेफर किया गया तुमसर अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में महिला की मौत हो गई. अगर, अब भी बम्हनी में परमानेंट चिकित्सक की नियुक्ति नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।


हरिभूमि
मरीज ही नहीं स्वास्थ्य कर्मी भी परेशान
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में अव्यवस्थाओं का आलम

## स्वतंत्रता दिवस पर रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली ने बच्चों को शिक्षण सामग्री व मिठाई का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री और मिठाइयां वितरित की गई इस दौरान शिक्षण सामग्री वितरित कर उनकी जरूरत को पूरा किया गया तथा उनके जीवन में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया । इस दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह झलक रही थी तथा शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों का उत्साह और बढ़ गया । रक्तदान महादान सेवा समिति का उद्देश्य बच्चों के जीवन में शिक्षा की ज्योति जगाना है व वंचित बच्चों तक शिक्षा से जुड़ी सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं पहुंचाना समिति का उद्देश्य है ताकी हर बच्चा शिक्षा के अवसर से लाभान्वित हो इस दौरान भरवेली के स्थाई लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की और समाज के लिए प्रेरणादायक बताया वही समिति की यह सोच है कि बच्चों को शिक्षा की ओर अग्रसर करें जिससे भविष्य में अपने परिवार का और गांव का नाम रोशन करें ।

BALAGHAT ENGLISH HIGHER SECONDARY SCHOOL BALAGHAT (M.P)
CBSE AFFILIATION NO: 1030735
REQUIRED
QUALIFIED AND EXPERIENCED STAFF

| | |
|---|---|
| MOTHER TEACHER | For Nursery To Grade 2 |
| TGTS | ENGLISH & EVS/SCIENCE |
| PGTS | ACCOUNTANCY, HISTORY, CHEMISTRY, BIOLOGY, & YOGA |
| PTI | PHYSICAL EDUCATION (CLASS XI & XII) |
| FOREIGN LANGUAGES | FRENCH & GERMAN |
| COACHING EXPERTS | JEE, NEET, CA/CS |
| CO-CURRICULAR GARDNER (HIH) | ART, CRAFT, MUSIC & DANCE 1 POST |

GOOD COMMUNICATION SKILLS WITH FLUENCY IN ENGLISH IS MUST
SALARY IS NOT CONSTRAINT FOR DESERVING CANDIDATE
Interested candidates mail CV to
behss123@gmail.com
For more query call: 8770958291, 8982982885

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
• B.Com • M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832